भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1258

14 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

विदेशी बाजार में इस्पात की पहुँच

1258. श्री अनिल फिरोजिया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा संयुक्त अरब अमीरात पर ध्यान केन्द्रित करके अथवा कंपनियों से व्यापक आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) का लाभ प्राप्त करके मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका तक पहुँचने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं; और

(ख) संयुक्त अरब अमीरात के इस्पात उत्पादन और संभार तंत्र उद्योगों के प्रमुख व्यापारियों के साथ हुई बैठकों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)

(क) और (ख): सरकार ने मध्य-पूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका के बाजारों में और अधिक पहुँच बनाने तथा भारत-यूएई सीईपीए का लाभ उठाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं, जिनके अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:-

I. सरकार ने मध्य-पूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका के लिए दुबई की पुनर्निर्यात क्षमता का दोहन करने हेतु दुबई में भारतीय निर्यातकों/कंपनियों की मौजूदगी को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जाबेल अली फ्री जोन (जेएएफजेडए) में 'भारत मार्ट' की स्थापना के लिए पहल की है तथा इसकी संभावनाओं को तलाशा है।

II. सरकार ने क्षेत्र विशिष्ट क्रेता-विक्रेता बैठकों के आयोजन के माध्यम से विभिन्न व्यापार प्रदर्शनियों तथा व्यापारिक आदान-प्रदान के लिए दुबई में निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के दौरे तथा प्रतिभागिता को सुविधा प्रदान की है।

III. वर्ल्ड एक्सपो, 2020 के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के हालिया दौरे के दौरान, इस्पात मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय इस्पात क्षेत्र में निवेश के अवसरों को तलाशने, दोनों देशों के मध्य इस्पात व्यापार को बढ़ाने के लिए समन्वय की संभावना को समझने तथा भारतीय इस्पात उद्योग की क्षमताओं, परिपक्वता तथा सशक्त पक्षों को रेखांकित करके भारत-यूएई सीईपीए के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए लाभों का अधिकतम उपयोग करने के उद्देश्य से इस्पात उत्पादकों, उपभोक्ताओं तथा लॉजिस्टिक उद्योगों की अग्रणी कंपनियों के साथ वन-टू-वन बैठकें तथा संवादात्मक सत्र आयोजित किए।

*****